11 दिवसीय गणपति महोत्सव बाल... पृष्ठ 2 | महावीर सन सिटी में गणेश चतुर्थी... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

बुधवार, 27 अगस्त 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 305, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## मुख्यमंत्री साय ने ओसाका की एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए किया आमंत्रित

### राज्य में अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधा होगी स्थापित : कृषि मूल्य श्रृंखला और रोजगार को मिलेगा नया आयाम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ओसाका की एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित कियामुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ओसाका की एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित कियामुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने ओसाका की एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड को छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित किया मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान ओसाका स्थित एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कंपनी को छत्तीसगढ़ में अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई तथा उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधा स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ये परियोजनाएँ न केवल कृषि मूल्य श्रृंखलाओं को मज़बूत करेंगी बल्कि उच्च-तकनीकी विनिर्माण को भी प्रोत्साहित करेंगी और राज्य के युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर नए रोजगार अवसर सृजित करेंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण, सुगम प्रक्रिया और प्रत्येक स्तर पर सहयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आशा व्यक्त की कि एसएएस सानवा कंपनी लिमिटेड की प्रस्तावित खाद्य प्रसंस्करण इकाई से किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा और कृषि आधारित उद्योगों को नई मजबूती प्राप्त होगी। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सुविधा राज्य को उच्च-तकनीकी उत्पादन का नया केंद्र बनाएगी और युवाओं को आधुनिक उद्योगों से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगी।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विश्वास जताया कि ये निवेश परियोजनाएँ आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उद्योग और निवेश का प्रमुख केंद्र बनाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समृद्धि, युवाओं का भविष्य और निवेशकों का विश्वास है, और इसी संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## विष्णु के सुशासन में ग्रामीणों की समस्याओं का हो रहा त्वरित निराकरण

## सुशासन एक्सप्रेस रथ घर-घर पहुंच रही शासन की सेवाएं



**रायपुर।** रायपुर जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश में आम जनता को शासन की योजनाओं और सेवाओं को घर के समीप पहुंचाने की दिशा में च्च्सुशासन एक्सप्रेसज्ज् नाम से एक अभिनव और अनुकरणीय पहल शुरू की गई है, जो जनसमस्याओं के त्वरित निदान मॉडल के रूप में स्थापित हुई है। इसका शुभारंभ 29 मई को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के तहत ग्राम भैंसा में आयोजित समाधान शिविर में किया था। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई इस पहल के माध्यम से हजारों ग्रामीणों को शासन की दो दर्जन से अधिक सेवाओं का लाभ सहजता से मिलने लगा है। ग्राम पंचायत संकरी के युवा श्री उत्तम साहू के लिए खुशी का क्षण था जब घर बैठे ही उन्हें लर्निंग लाइसेंस मिल गई, जो उनके गांव में आए सुशासन रथ से मिली। उत्तम कहते हैं कि उनके घर में अन्य सदस्यों ने लाइसेंस बनाया तो गांव के बाहर जाना पड़ा था और समय भी लगा था, अब कुछ दिन पहले गांव में कोटवार ने हांका लगाया तो सुशासन रथ आने की जानकारी मिली। मैंने वहां जा कर आवेदन किया। प्रक्रिया पूरी हुई और मुझे लाइसेंस मिल गया। सांकरा के रहने वाले श्री राजेश कुमार यादव भी बड़े प्रफुल्लित हैं कि उनका राशन कार्ड बन गया, इसके लिए बार-बार पंचायत कार्यालय में जाना नहीं पड़ा उन्होंने सुशासन रथ में आवेदन दिया, प्रक्रिया पूरी होने के बाद राशन कार्ड बन गया। उत्तम और राजेश मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहते हैं कि अब जिला प्रशासन रायपुर द्वारा उनके घर के समीप ही शासकीय सेवाएं मिल रही हैं जिसके लिए उन्हें अलग से समय निकाल कर जाना पड़ता था, कई बार कागजात अपूर्ण होने पर दुबारा भी जाना पड़ता था। सुशासन एक्सप्रेस के माध्यम से अब तक कुल 75,864 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 67,788 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जा चुका है। शेष लंबित आवेदनों की कार्यवाही भी प्राथमिकता से की जा रही है।

## सुहागिनों ने अखण्ड सौभाग्य प्राप्ति के लिए रखा तीज व्रत



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वैदिक पंचाग के अनुसार भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर हरितालिका तीज का पर्व मनाया जाता है।इस सुहागिन महिलाएं व्रत रखकर माँ पार्वती और भगवान शिव का पार्थिव शिवलिंग बनाकर पूजा कर अखंड सौभाग्य की कामना करती है।धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त के लिए व्रत रखी थी। तभी से निरंतर चली आ रही है ।पीले रंग के वस्त्र धारण कर इस दिन पूजा अर्चना करना सुख शांति व समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

## लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वाले दो आरोपी जेल यात्रा पर रवाना

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा



निर्देश पर नगर सहित क्षेत्र के आसपास इलाकों में डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में सूचना मिली कि आरोपी सचिन उके पिता स्व. किशोर उके उम्र- 28 साल निवासी वार्ड न0- 03, टिकरपारा डोंगरगढ़ अपने घर में वाद-विवाद कर शांति भंग कर रहा है। इसी प्रकार आरोपी विजय साहू पिता गुलाब साहू उम्र- 31 साल निवासी ग्राम नागतराई, थाना डोंगरगढ़ तहसील कार्यालय परिसर में शराब के नशे में वाद-विवाद कर शांति भंग कर रहा था एवं मारने-पीटने पर उतारू हो गया था कि सूचना पर पुलिस मौके पर पंहूचकर पुलिस को समझाने पर भी नहीं मानने पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को जेल की यात्रा के लिए रवाना कर दिया गया है।

## कैट , उद्योगपति वर्ग एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संयुक्त तत्वावधान में श्री योजना पर कार्यशाला

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में SPREE योजना 2025 विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में प्रदेश एवं जिले के प्रमुख व्यापारी, उद्योगपति तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। विशेष उपस्थिति श्री एस.एन. मंडल (अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम), श्री ताराचंद साहू (ब्रांच मैनेजर, ईएसआईसी राजनांदगांव), व्यापारिक नेतृत्व : कैट प्रदेश संरक्षक श्री अनिल बड़ाडिया, कैट जिला अध्यक्ष श्री राजेश डागा, निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष (चैम्बर) श्री आलोक बिंदल , तरुण लाहरवानी साथ ही प्रमुख व्यापारी प्रतिनिधि श्री संतोष अग्रवाल, श्री सुनील मुंदड़ा,शरद अग्रवाल, राजा मखीजा, संजय तेजवानी, रमेश जैन (राइस मिल), प्रकाश चंद जैन, सुनील उभरानी, विकास अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अशोक पांडे , सूरज बुद्धदेव,सूरज खंडेलवाल, रोहित मखीजा, घनश्याम वाधवानी, अमित खंडेलवाल, सोहन देवांगन, मंसाराम मोटलानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी गण उपस्थित रहेंगे। योजना की प्रमुख विशेषताएँ : स्क्क्रश्वश्व के तहत पंजीकरण करने वाले नियोक्ताओं के लिए कवरेज से पूर्व की अवधि में कोई निरीक्षण या कानूनी कार्रवाई नहीं होगी। कवरेज नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से मान्य होगी। पंजीकरण की तारीख से कर्मचारियों को योजना का लाभ मिलेगा। कर्मचारियों को स्वयं एवं परिवार हेतु कैशलैस चिकित्सा सुविधा बीमारी, मातृत्व, दुर्घटना/मृत्यु पर नकद सहायता मेडिकल/डेंटल कॉलेजों में बच्चों के लिए आरक्षित सीटें नियोक्ता श्रम सुविधा पोर्टल, श्वस्ढ्ढष्ट पोर्टल या रूष्ट पोर्टल के माध्यम से आसानी से पंजीकरण कर सकते हैं। कैट जिला अध्यक्ष श्री राजेश डागा ने कहा कि यह योजना पूर्वव्यापी दंड के डर को समाप्त करती है। नियोक्ता इस अवसर का लाभ उठाकर अपने कर्मचारियों को सुरक्षित और गरिमामय कार्य वातावरण प्रदान करें। आमंत्रण सूचना आप सभी आमंत्रित हैं स्क्क्रश्वश्व योजना 2025 कार्यशाला स्थान: माहेश्वरी भवन, राजनांदगांव दिनांक: 28 अगस्त 2025, गुरुवार समय: दोपहर 3:00 बजे से आयोजक कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कर्मचारी राज्य बीमा निगम श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार । उक्त जानकारी लक्ष्मण लोहिया ने दीहै।

## बिना कार्य के राशि आहरण करने की लिखित शिकायत कर किया जांच की मांग

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** वंचित शोषित सामाजिक संगठन के अखिल भारतीय महादलित परिसंघ प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मयूर हथेल डोंगरगढ़ नगर पालिका के वार्ड नं. 06 कृष्णा नगर निवासी ने कलेक्टर से लिखित शिकायत



डोंगरगढ़ में वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर पालिका में भ्रष्टाचार के संबंध में की है। लिखित शिकायत में बताया गया है कि डोंगरगढ स्थित रेलवे स्टेशन वार्ड नं. 06 में वर्ष 2024-25 में भवन मरम्मत के नाम से 1 लाख 48 रू. की राशि नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ से आहरित कर भ्रष्टाचार किया गया है जबकि वास्तविक स्थिति है कि उक्त राशि से वार्ड नं.06 रेलवे स्टेशन वार्ड में किसी भी प्रकार का कोई भवन मरम्मत का कार्य हुआ ही नहीं है। आहरण की गई राशि में रेलवे स्टेशन वार्ड नं. 06 में पूर्व पार्षद कृष्णा लिल्हारे, पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ चन्द्रकान्त शर्मा एवं पूर्व अभियंता रितेश कुमार थे। श्री हथेल के द्वारा मांग की गई है कि उच्चस्तरीय जॉच टीम का गठन कर उक्त मरम्मत कार्य की जाँच कराई जाए तभी दूध



का दूध और पानी का पानी होगा। उन्होंने बताया कि यह कार्य किस जगह और कहाँ पर किया गया है उसका नगर पालिका अधिकारी व पूर्व पार्षद बताएं ? श्री हत्थेल ने अपनी शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय, सचिव- नगरीय प्रशासन विभाग, रायपुर (छ.ग.), संयुक्त संचालक, दुर्ग (छ.ग.), अनुविभागीय अधिकारी, डोंगरगढ़ एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दी गई है।

## माहेश्वरी सभा राजनांदगांव द्वारा प्रदीप गांधी जी का अभिनंदन किया गया


**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** माहेश्वरी सभा राजनांदगांव द्वारा आयोजित




वनभोज समिति तथा प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व सांसद प्रदीप गांधी का हुए कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया के चुनाव में सर्वाधिक मत 507 मत प्राप्त कर विजय होने पर समाज के प्रमुखों द्वारा शॉल पहनकर उनका अभिनंदन किया गया इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने कहा कि सदैव मुझे समाज का प्यार और स्नेह मिला तथा समाज ने सदैव मेरा मनोबल बढ़ाया इस खुशी के क्षण में भी समाज का प्यार मेरे साथ है तथा पूरे देश के सभी दल के सांसदों ने अपना प्यार मुझे दिया यह मेरे साथ समाज के लिए गर्व व गौरव की बात है आपने बताया इस क्लब के अध्यक्ष लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिरला जी हैं इस अवसर पर मुख्य अतिथि चतुर्भुज राठी दामोदर जी म मुंदडा ब्रिज किशोर सुरजन दिनेश गांधी राधाकिशन जी राठी सूर्यकांत चितलांग्य जी अध्यक्ष पवन डागा जी समाज के अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## महावीर सन सिटी में गणेश चतुर्थी पर्व मनाने हेतु भव्य तैयारी...

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महावीर सन सिटी परिवार में नगर व देश का सबसे बहुप्रतीक्षित पर्व गणेश चतुर्थी हेतु भव्य तैयारी उर्जावान अध्यक्ष आनंद चोपड़ा कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी सचिव दिलीप गोलछा कोषाध्यक्ष राजेश डागा के नेतृत्व में चल रही है, इस महापर्व के संयोजक अतुल चोपड़ा एवं अशोक अग्रवाल को बनाया गया है। ग्यारह दिनों तक मानो मेला लगा हो ऐसा प्रतीत होता है, जिसका बेसब्री से इंतजार सन सिटी के हर वर्ग को होता है। 27 अगस्त को दोपहर 3 बजे भव्य शोभा यात्रा सन सिटी जंक्शन से निकलेगी तथा B C D ब्लॉक एवं A, B बिल्डिंग भ्रमण करते योगा शेड गणेश पंडाल में पहुंचेगी ततपश्चात मूर्ति स्थापना पूजन



मुख्य यजमान राजेश गीता डागा हैं उसके बाद आरती होगी, बाप्पा की मूर्ति का श्रृंगार नीलू अशोक अग्रवाल के द्वारा किया जा रहा है,रात्रि 8 बजे से ओपनिंग सेरेमनी मनोरंजन कार्यक्रम की प्रस्तुति सनसिटी युवा विंग के द्वारा दी जायेगी इसके तुरंत बाद सरप्राइज़ गेम्स होगा जिसके प्रभारी मनीषा देवांगन,अर्पिता जेठानी,सजल पांडे, पूजा एवं रिया खंडेलवाल हैं, 28 ता. को हम साथ साथ हैं गेम्स इसके प्रभारी विभा गुप्ता, मधु साहू,शारदा पांडे,योगिता डागा,कल्पना अग्रवाल, मिताली साहू होंगे, इसके बाद कई वर्षों से सुपर हिट धन वर्षा हाऊजी सुशील कृष्ण माहेश्वरी द्वारा आयोजित होगी। अगले दिन 29 अगस्त को यूजिकल अंताक्षरी होगा इसके प्रभारी श्रद्धा रेड्डी,रितिका तिवारी,किरण खोटले,नीलम सोनी,श्रीयल पांडे व कान्हा शर्मा होंगे, 30 ता. को शानदार बॉलीवुड नाइट का आयोजन होगा जिसके प्रभारी दीप्ति बिंदल,नीलम सोनी,उन्नति जैन,ट्विंकल चोपड़ा, अरुण डागा,जसप्रीत कौर व कान्हा शर्मा होंगे, 31 ता. पंचमी के दिन बाप्पा को छप्पन भोग लगेगा इसके प्रभारी नीलू अग्रवाल,पिंकी माहेश्वरी, शांता माहेश्वरी राखी मलानी,पूजा बक्शी हैं इसी दिन महा रास गरबा का आयोजन होगा जिसके प्रभारी मनीष साहिता,योगेश कोटक, कीर्ति भोजानी,रूपा कोटक, प्रगति साहिता, प्रिया भोजानी, देविका मानेक,अमीषा रायचा होंगे,1 सितंबर को बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम के बां सी खेला जाएगा जिसके प्रभारी रूपाली गांधी, ट्विंकल चोपड़ा,रिया खंडेलवाल एवं कान्हा शर्मा हैं। इसी कड़ी में 2 ता. को मि. एंड मिसेस सन सिटी का पहली बार आयोजन होगा इसके प्रभारी राहुल कोठारी,अरुण डागा, कल्पेश चौहान,विशाल शर्मा होंगे, 3 सितम्बर को सन सिटी गॉड टैलेंट का शानदार प्रोग्राम होगा इसके प्रभारी दीप्ति बिंदल, रितिका तिवारी, नीलम सोनी, ट्विंकल,रिया,कुणाल व विशाल शर्मा होंगे। 4 ता. रॉक एन रोल विथ एडवेंचर खेलाया जायेगा, जिसके प्रभारी राहुल कोठारी विशाल शर्मा हैं 5 ता.को शिक्षक दिवस के अवसर पर सन सिटी के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा इसके लिए प्रभारी रूपाली गांधी,रुचि श्रीवास्तव, मधु रामटेके, देविका मानेक होंगे। 6 सितंबर को बाप्पा की विदाई के दिन सुबह 9 बजे से हवन पूजा, आरती दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी होगी तथा 2 बजे विसर्जन जुलूस निकलेगा जो सन सिटी में भ्रमण कर मोहरा जायेगा जहां बापा को विदाई दी जाएगी। पूरे गणेश पर्व में रोजाना ड्रेस कोड भी रखा गया है इसकी प्रभारी कृष्णा माहेश्वरी होंगी। प्रतिदिन सहयोगी परिवार हेतु हाई टी रहेगी जिसके प्रभारी दिलीप गोलछा,राजेश सोनी उपहार,विनय गोयल व लालू सांखला होंगे। पूरे गणेश पर्व की पूजा हेतु प्रभारी राजेश डागा,गोविंद मलानी,राजेश गुप्ता अग्रहरि, ओमप्रकाश पोरवाल होंगे जिनके नेतृत्व में हर दिन की पूजा आरती संपन्न होगी।



nandgaon times aug-27-4.qxd 8/26/2025 11:56 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) विश्व में पर्यावरण जागरूकता की शुरुआत किसने की थी?*
*2) भारतीय रेलवे ने सर्वप्रथम कब और किस ट्रेन में तत्काल आरक्षण सेवा प्रारम्भ किया था?*
*3) राष्ट्रीय भूविज्ञान डेटा रिपोजिटरी पोर्टल को किसने लांच किया?*
*4) बाली पद्यामी त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है?*
*5) रेलवे सुरक्षा बल (ऋक्कस्र) द्वारा अपने शहीदों को सम्मानित करने के लिए शुरू की गई डिजिटल पहल का नाम क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**

## उत्तर माला

(1) विलियम हैवेट (2) 20 दिसम्बर 1997 और दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस (3) प्रहलाद जोशी (4) कर्नाटक (5) डिजिटल मेमोरियल ऑफवेलर

# डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू को जयपुर में मिला एक्सक्लूसिव स्टारडम अवार्ड, छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित एक्सक्लूसिव स्टारडम अवार्ड्स 2025 में छत्तीसगढ़ ने अपनी अलग पहचान बनाई। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजनांदगांव जिले के छोटे से गांव नावागांव के डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकार्ड्स और लता फाऊंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ। डॉ. साहू को सोशल सर्विस केटेगरी में अवार्ड प्रदान किया गया। विशेष बात यह रही कि छत्तीसगढ़ से इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए वे अकेले चयनित प्रतिभागी रहे। मंच पर सम्मानित होते समय उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की सेलिब्रिटी गेस्ट व टीवी अभिनेत्री नवीना बोले ने कहा-डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने साबित किया है कि कोई भी व्यक्ति अपनी लगन और सेवा भावना से समाज की भलाई के जरिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान बना सकता है। वे छत्तीसगढ़ के गौरव हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी। गरीब किसान परिवार से निकलकर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचे डॉ. साहू की यात्रा अत्यंत प्रेरणादायी रही है। सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा



पूरी करने के बाद उन्होंने समाजहित के कार्यों में खुद को समर्पित कर दिया। आज वे ऑल वोलंटरी एसोसिएशन फाऊंडेशन के चेयरमैन हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास, किसानों की समस्याओं और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। उनकी पहल पर कई गांवों में शिक्षा जागरूकता अभियान चले, किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुए और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं बनीं। युवाओं को शिक्षा और करियर के प्रति जागरूक करना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस भव्य आयोजन में भारत और नेपाल से आए कुल 19 प्रतिभागियों को समाजसेवा, साहित्य, आध्यात्म, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और मानसिक स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में योगदान के लिए सम्मानित किया



गया। इनमें जयपुर के डॉ. राम सिंह राजोरिया, मुंबई के डॉ. महेश गौर, दिल्ली की सेहर हाशमी और नेपाल के डॉ. प्रकाश भुजेल जैसे नाम शामिल रहे। डॉ. साहू की इस उपलब्धि ने न केवल उनके गांव नावागांव और राजनांदगांव जिले का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाई दी है। सच्चे समाजसेवक के रूप में उनकी पहचान आज प्रदेशवासियों के लिए गर्व का विषय है।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान के शिविर में 100 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा ब्रह्माकुमारी की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर पूरे भारत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें एक लाख यूनिट रक्त संग्रहित करने का लक्ष्य था। कुछ महिलाओं ने बताया कि हमें ब्लड डोनेट करने की बहुत इच्छा रहती थी लेकिन घर में मना करते थे लेकिन जैसे ही यहा का पता चला घर वाले अनुमति दी। बी के बहनों ने भी ब्लड डोनेट किया। पैथोलॉजिस्ट ने कहा कि बड़ा रक्तदान शिविर है रक्तदान शिविर में 100 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया रक्त को सरकारी अस्पताल में रखा गया है जिससे आवश्यकता के अनुसार जिले वासियों के लिए उपयोग किया जाएगा। लोगों का कहना है कि ब्रह्माकुमारी द्वारा आयोजित यह सेवा कार्य बहुत ही सरहनीय है इस तरह के सेवा कार्यों से खुशी हो रही है। विश्व बंधुत्व दिवस के उपलक्ष्य पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी राजनांदगांव के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।



# पी.डब्ल्यू.डी. जनभवनाओं का रखे ख्याल - ग्रामीणो ने दी नसीहत

**जोंधरा( नांदगांव टाइम्स)।** गुण्डरदेही उमरवाही की बदहाली एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा जनआंदोलन की तैयारी को देखते हुए पीडब्ल्यू डी द्वारा मार्ग में गड्ढो की भराई का कार्य तो प्रारम्भ कर दिया गया है, पर सिर्फबड़े गड्ढो को ही भरा जा रहा है, तो गड्ढो की भराई का औचित्य ही क्या होगा जब सभी गहरे गड्ढे नही भरे जायेंगे । प्रतिनिधि ने इस संबंध में गुण्डरदेही उमरवाही मार्ग के उपयंत्री महेश कुम्भारे से बात की तो उन्होने बताया कि ओबेराय कम्पनी द्वारा जो गिट्टी के रूप में मसाला लाया जा रहा है और जहां जितनी मात्रा में डाली जा रही है उसे ही जेसीबी के माध्यम से बिछाया जा रहा है। आश्चर्य की बात है कि संबंधित उपयंत्री कार्यस्थल पर उपस्थित भी है उसी के सामने ही गिट्टी बोल्डर सड़क पर डाले जा रहे है। पर अधिकारी की अक्षमता देखिये कि वो गिट्टी बोल्डर की मात्र जो सड़क पर गिराई जा रही है उसे ज्यादा मात्रा में डालने की बात तक नही कह पा रहे है । जबकि सड़क की मजबूती उसी उपयंत्री पर निर्भर है । विभाग भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करे - क्षेत्रीय ग्रामीणो ने पीडब्ल्यूडी विभाग को जन भवनाओं का ख्याल रखनें की नसीहत देते हुए सभी गड्ढो को पूरी तरह भरने क़ी बात कही है। विदित हो कि छुरिया विकासखण्ड के आश्रित आने वाले ग्राम गुण्डरदेही से उमरवाही मार्ग इन दिनों पैदल चलने के लायक भी नही रह गया है। विभाग को बार-बार जानकारी देने के बाद भी जब विभाग ने आंखे बंद कर ली थी तो क्षेत्र के 25 ग्रामों के ग्रामीण द्वारा मार्ग को फिलहाल चलने लायक बनाने के लिए नियत तिथि पर आंदोलन की तैयारी कर रखी थी ।



**खबर का असर**

# साल्हेवारा महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बीए एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर के नव प्रवेशित छात्र-छात्राये उपस्थित हुए सर्वप्रथम संस्था प्रभारी सुश्री नीतू डोंगरे के द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया इसके महाविद्यालय के मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण को प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात नोडल अधिकारी श्री अरविंद कुमार भेड़िया के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर पीपीटी प्रेजेंटेशन दिया गया जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मूलभूत अवधारणाएं एवं विभिन्न कोर्स डीएससी,जेनेरिक इलेक्टिव डीएसई,वीएसी,एसईसी,एइसी की जानकारी प्रदान की साथ ही साथ सतत आंतरिक मूल्यांकन ,सेमेस्टर परीक्षा,क्रेडिट पॉइंट प्रणाली,परीक्षा पैटर्न,सीजीपीए,एसजीपीए,एवं सेमेस्टर प्रवेश की जानकारी दी गई। समारोह की अंतिम कड़ी में डॉ.अखिलेश कुमार के द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न गतिविधि एवं महत्वपूर्ण इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना,रेड क्रॉस,रेड रीबन,स्वीप की जानकारी प्रदान की इकाइयों के माध्यम से व्यक्ति्व विकास एवं सामाजिक जागरूकता हेतु प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में श्री राजेन्द्र रावत,श्री चंदन जोशी एवं नवप्रवेशित छात्र छात्राएं उपस्तिथ रहे ।

# युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया का भव्य स्वागत व श्रीफल दुपट्टा पहनाकर किया सम्मान

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी पूर्व मंडल प्रशांत कुमार क्षीरसागर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया भव्य स्वागत श्रीफल दुपट्टा पन्हालकर सन्मान किया रायपुर सड़क विविध स्थानो पर भव्य स्वागत रॅली निकाली गई अनेक स्थानो पर युवा मोर्चा कार्य करता द्वारा आंबेडकर चौक भगतसिंग चौक व्हीआयपी चौक तेली बांधा फाफा डिय चौक जय स्तंभ चौक प्रदेश अध्यक्ष आत्मीय अभिनंदन स्वागत किया गया फुलो से वर्षा कर भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद युवा मोर्चा जिंदाबाद नारे लगाये हजारो भारतीय जनता पार्टीचे कार्यकर्ता उपस्थित थे स्वागत सन्मान के अवसर पर प्रशांत कुमार शिरसागर रुद्र पियुष क्षीरसागर ब्रह्मानंद राव दीपक कुमार संतोष कुमार मनोज ठाकरे किशोर कनोजे उपस्थित थे नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा श्रीमान राहुल रायपुर प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपूर छत्तीसगड मे नव नियुक्त पदभार ग्रहण किया गया प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगड से भाजपा के कोणे कोणे से पधारे सभी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा निष्ठावंत कार्यकर्ता व ऊर्जा वान साथियो से आभार प्रगट करता हू आप सभी स नेहा प्रेम और विश्वास सहयोग से नई दिशा युवाशक्ती नई दिशा मिलेगी एवं संघटन मजबूत होगा कार्यक्रम के समारोह के अवसर पर बल्की हर कार्यकर्ता जिसने अपना पसीना और मेहनत परिश्रम भारतीय जनता पार्टी के लिये समर्पित किया है छत्तीसगड के हर कोनसे पोहोचणे वाले सभी ऐतिहासिक मेरे मित्र भारतीय जनता पार्टी के सभी का कार्यकर्ता ऐतिहासिक संख्या में पोहोचे मेरे प्रिय साथियो से आभारी हू ।



# ग्रामीण ताईक्कांडो खिलाड़ियों से मुलाकात समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्रामीण अंचल बोरतलाव के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने खेल संघ जुजित्सु एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला अध्यक्ष और भाजपा नेता विवेक मोनू भंडारी से खेल के बारे में अपनी चर्चा की साथ उभरती ताईक्कांडो प्रतिभाओं से मुलाक़ात की और उनकी खेल गतिविधियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने स्थानीय खेल सुविधाओं की कमी, प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार और संसाधनों की उपलब्धता जैसे मुद्दे उठाए।



**श्री भंडारी ने खिलाड़ियों से सीधे संवाद करते हुए कहा:** बोरतलाव जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतिभाओं को देखकर मुझे अत्यंत खुशी हुई। शिक्षा और खेल ही युवाओं को सही दिशा प्रदान कर सकते हैं। आज युवा वर्ग का एक बड़ा हिस्सा नशे की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में आप जैसे प्रतिभाशाली ताईक्कांडो खिलाड़ी समाज के लिए प्रेरणा हैं। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि खेल विकास के लिए बुनियादी ढाँचे को मजबूत करने, प्रशिक्षण सुविधाओं को बढ़ाने और ग्रामीण खिलाड़ियों को अवसर प्रदान करने के लिए प्रशासन और संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा।प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना मेरी प्राथमिकता है और सभी समस्याओं का उचित हल निकाला जाएगा। हमारा लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाएँ प्रदेश और देश में जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली ताईक्कांडो खिलाड़ी हिना उजवाने, राधिका यादव, रागिनी कवर, संजना निषाद, राजेंद्र कवर, डी. होमेश राव, अंश उजवाने सहित कई युवा उपस्थित थे। साथ ही कोच गौतम लीलहारे और अन्य खेल प्रेमियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर खिलाड़ी और कोच अपने अनुभव साझा करते हुए, ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रशिक्षण और सुविधा की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। श्री भंडारी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि ग्रामीण प्रतिभाओं को सही मार्ग और संसाधन उपलब्ध हों। यह कार्यक्रम न केवल स्थानीय खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक रहा बल्कि युवा वर्ग में खेल और शिक्षा की महत्वता को उजागर करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी साबित हुआ।

# डिलापहरी में छात्राओं को मिली नई राह साइकिल पाकर खिले चेहरे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सीधा लाभ अब गांव-गांव तक पहुँच रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की सदस्य एवं सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने ग्राम डिलापहरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। छात्राओं को जैसे ही नई-नई चमचमाती साइकिलें मिलीं उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कई छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में परेशानी नहीं होगी और वे समय पर पढ़ाई कर सकेंगी। श्रीमती सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। विशेषकर ग्रामीण अंचलों की छात्राओं को पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए। इसके लिए सरस्वती साइकिल योजना वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि हर बेटी पढ़-लिखकर आत्मनिर्भर बने और समाज में अपनी अलग पहचान बनाए। सभापति ने यह भी कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है और इस दिशा में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से न केवल बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ रही है बल्कि अभिभावकों का भी भरोसा मजबूत हो रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोविंद वर्मा सरपंच, जनक लाउत्रे अध्यक्ष, रमनलाल सेंडे प्राचार्य, छश्रकुमार वर्मा पंच, देवनाथ वर्मा भूतपूर्व शिक्षक, मोहन वर्मा भूतपूर्व शिक्षक, मदनलाल वर्मा भूतपूर्व शिक्षक, एकता सिजारिया सचिव सहित विद्यालय के शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## धर्म समाचार....

# सामाजिक-सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय प्रतिक हैं 'गणेशोत्सव'

समस्त गणों के अध्यक्ष गणेश जी का उत्सव यानी गणेश चतुर्थी पुरे देशभर में उमंग और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला पर्व हैं। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गो तक में खासी उत्साह के साथ गणेश जी की मूर्ति स्थपना करके उनका पूजन करने और सार्वजनिक पांडाल बांधने का साल भर उत्सुकता के साथ इंतज़ार रहता हैं। भारत में गणेश पूजा महज धार्मिक पर्व नहीं है। बल्कि यह एक कदम आगे हमारे देश की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता व सौहार्द का एक मजबूत प्रतीक भी है।

**प्रतिमा स्थापना-पूजनः**

गणेश चतुर्थी का पर्व हर साल भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मनाया जाता है। इस दिन देशभर में बड़ी धूमधाम और उमंग से गणपति जी की प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। इस साल चतुर्थी तिथि 26 अगस्त यांनी बीते कल दोपहर 1 बजकर 54 मिनट से प्रारंभ होकर 27 अगस्त 2025 की रात तक होने से गणपति स्थापना का शुभ मुहूर्त उदय तिथि के अनुसार 27 तारीख यांनी आज मनाया जाना है। वक बार प्रतिमा स्थापित और प्रतिष्ठित होने के बाद यह उत्सव दो दिन से लेकर 10 दिन तक मनाया जाता हैं और इस वर्ष गणेशोत्सव की शुरुआत 27 अगस्त 2025 से होगी। इस साल 27 अगस्त को गणपति स्थापना के बाद 6 सितंबर 2025 यानी अनंत चतुर्दशी के दिन तक यह पर्व मनाया जाएगा। इसके बाद गणपति विसर्जन होगा।

**अगर कर रहे प्रतिमा स्थापितः**

गणेश पुराण के अनुसार गणेश चतुर्थी को भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसलिए भक्तगण इस दिन अपने घरों या सार्वजनिक पूजा स्थलों पर गणेश प्रतिमा स्थापित करते हैं। अगर आप पहली बार अपने घर में विघ्न विनाशक गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं तो कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखें। जिन गणेश प्रतिमाओं में उनकी सूंड़ बाईं तरफहोती है, ऐसी प्रतिमाओं को घर लाना शुभ माना जाता है। अगर इस बार आपका पहला गणपति स्थापना उत्सव है, तो अपने घर प्रथम पूज्य की बैठी हुई मुद्रा वाली प्रतिमा ही लाएं, जो सुख और समृद्धि का प्रतीक होती है। भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापना हमेशा ईशान कोण में करनी चाहिए।



गणपति प्रतिमा की स्थापना काठ की चौकी पर करना सबसे पवित्र माना जाता है। लेकिन इस चौकी में गणपति जी की स्थापना के पहले इसे गंगा जल से पवित्र कर लेना चाहिए। गंगा जल और पंच द्रव्यों से चौकी की धुलाई करने के बाद उस पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश को प्रतिस्थापित या प्रतिष्ठित करना चाहिए। ध्यान रखें, आपकी स्थापित मूर्ति में गणेश जी का हाथ आशीर्वाद देती मुद्रा में होना चाहिए और उनके दूसरे हाथ में मोदक होना चाहिए। भगवान गणेश की ऐसी प्रतिमा को सबसे शुभ माना जाता है।

**महाराष्ट्र का भव्य पर्वः**

यूं तो पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व खूब धूम-धाम से मनाया जाता है। लेकिन महाराष्ट्र में इस पर्व को लेकर देश में सबसे ज्यादा उल्लास होता है। हो भी क्यों न, आखिर आधुनिक गणेश उत्सव की शुरुआत सन 1893 में महाराष्ट्र से ही हुई थी। लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में गणेश चतुर्थी के पर्व को आधुनिक सार्वजनिक उत्सव का रूप दिया और इस तरह अंग्रेजों के विरुद्ध देशवासियों को सामाजिक एकता के जरिए एकत्रित किया। आज का गणेशोत्सव बहुत कुछ उसी दौर की परंपरा का विस्तार है। यहां गणेशोत्सव सामुदायिक भावना, संगीत, नृत्य, कला, अनुराग और मिलन का इंद्रधनुषी पर्व बन चुका है। इसलिए महाराष्ट्र में यह पर्व धार्मिकता से बढ़कर पहचान और सांस्कृतिक विरासत के उत्सव का रूप ले चुका है। हालांकि महाराष्ट्र में भी यूं तो गणेशोत्सव हर गली, हर घर और हर मुहल्ले में किसी न किसी रूप से मनाया जाता है। लेकिन मुंबई और पुणे ये दो ऐसे शहर हैं, जहां गणेशोत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम के साथ मनाया जाता है। मुंबई और पुणे में यह पर्व उत्सव की धूम के साथ-साथ हर साल बढ़ती भव्यता के रूप में भी देखा जाता है। महाराष्ट्र राज्य में गणेशोत्सव को राज्योत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसलिए यहां सिर्फ घरों में ही. नहीं मैदानों और सोसाइटीज में भी गणपति के भव्य पंडाल लगाए जाते हैं और अगले दस दिनों तक पूरे राज्य में गणपति बप्पा के जयकारे गूंजते हैं। महाराष्ट्र का भव्य - गणेशोत्सव आज न सिर्फभारत में, विदेशों में भी अपनी पहचान कायम कर चुका है।

**मुंबई-पुणे की प्रसिद्ध गणेश पूजा :**

मुंबई में लालबागचा का राजा यानी लाल बाग में स्थापित की जाने वाली गणेश प्रतिमा का उत्सव सबसे ज्यादा धूमधाम से मनाया जाता है। लालबाग के पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित हो जाने के बाद यहां महाराष्ट्र और देश-विदेश के कोने-कोने से आने वाले भक्तों का तांता लगा रहता है। माना जाता है कि लालबागचा के राजा यानी नौ साझा गणपति का एक बार दर्शन भर कर लेने से मनोकामना पूरी हो जाती है। इसलिए मुंबई के लालबाग इलाके में स्थापित गणेश प्रतिमा के इस पूरे उत्सव के दौरान करोड़ों भक्त दर्शन करते हैं। लालबाग के बाद मुंबई में गिर गांव चौपाटी और केतवाड़ी, सिद्धिविनायक मंदिर में स्थापित होने वाले गणेश पंडाल सबसे ज्यादा भव्य होते हैं, जहां हर दिन गणपति के दर्शन के लिए लाखों भक्त आते हैं।

मुंबई के बाद कुछ विशेष गणेश पंडालों के आकर्षण का यह जलवा पुणे शहर में भी दिखता है। विशेषकर यहां दगडु सेठ हलवाई गणपति टेंपल और तुलसी बाग राणपति का जिक्र होता है। पूरे महाराष्ट्र भर से ही नहीं देश के विभिन्न स्थानों से भी इन पंडालों में गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने लोग आते हैं।



**योगेश कबूलपुरिया**
**वरिष्ठ पत्रकार,**
**लेखक एवं सामाजिक विश्लेषक**

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# नगर में शांतिपुर्वक एवं धार्मिक सौहार्द बनाये रखते हुये गणेश उत्सव मनाने अपील

## उत्सव दौरान माहौल खराब करने वाले असमाजिक तत्वों पर की जायेगी तत्काल सख्त कानूनी कार्यवाही

### गणेश उत्सव झांकी समितियों को दी गई आवश्यक दिशा-निर्देश



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** गणेश उत्सव पर्व को लेकर सोमवार को नवीन रेस्ट हाउस में शांति समिति की बैठक रखी गई जिसमें नगर के 24 वार्डो की समितियों सहित गणेश झांकी समितियों के सदस्यों सहित जनप्रतिनिधिगण व नगर के गणमान्य नागरिकों से आगामी 27 अगस्त से प्रांरभ होने वाले गणेश उत्सव पर्व को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुझाव आदान प्रदान किया गया। बैठक में बताया गया कि धर्मनगरी में गणेशोत्सव का आयोजन धुम-धाम से किया जाता हैं इस पावन अवसर पर नगर के सभी चौबीसों वार्डो में भक्तजन गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर पुजा-अर्चना करते हैं साथ ही विसर्जन दौरान शहर में झांकी निकालते हैं। जिसे देखने शहर के लोगों के साथ ही साथ आसपास ग्रामीण भी आते हैं जिससे शहर में काफी भीड़ की स्थिति बनी रहती है जिसको ध्यान में रखते हुए पर्व को शांति पूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखते हुये बिना किसी के धार्मिक भावना को ठेस पंहूचाये व बिना किसी लड़ाई-झगड़ा, बिना मारपीट, बिना हुड़दंग किये, किसी के धर्म के प्रति बिना कोई अभद्र टीका-टिप्पणी किये सभी धर्म का सम्मान करते हुये गणेश उत्सव त्यौहार को सभी मिलकर सर्व धर्म भावना से मनाने की अपील की गई । वहीं समितियों के पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारियों हिदायत दी गई है कि गणेश पंडाल रोड में न लगाए। झांकी नियत समय व रूट से निकाले। डीजे की जगह धुमाल का उपयोग करें। झांकी को टोकन हिसाब से एक के पीछे एक चलाएं। झांकियों का आकार तय रूट के गलियों को ध्यान में रखकर झांकी तैयार करें।प्रत्येक झांकियों में वालटियर रखें। नगर पालिका डोंगरगढ़ विसर्जन के दौरान महावीर तालाब में प्रयाप्त लाईट की व्यवस्था करें।विद्युत विभाग झांकी के तय रूट में पड़ने वाले बिजली तारों की मरम्मत करें। शांति समिति के बैठक डोंगरगढ़ एसडीएम एम भार्गव (आईएएस), एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह की उपस्थिति में ली गई।

# माहेश्वरी पंचायत ने मेधावी छात्राओं व समाज के गौरव का किया सम्मान



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन इस वर्ष भी गरिमामय वातावरण में किया गया।

इस अवसर पर 10वीं, 12वीं, सीए, डॉक्टर तथा अन्य शैक्षिक उपलब्धियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। साथ ही समाज का गौरव बने श्री प्रदीप गांधी का विशेष सम्मान भी किया गया। आयोजन की शुरुआत भगवान शिव के रुद्राभिषेक से हुई। समाज बंधुओं के साथ वनभोज का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री चतुर्भुज जी राठी (दुर्ग) रहे। अध्यक्षता श्री दिनेश गांधी जी ने की। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन एवं पदाधिकारी श्री दामोदर दास मूंदड़ा जी, मंडल संरक्षक सूर्यकांत चितलांगिया जी, बृज किशोर सुरजन जी, राजेंद्र लड्ढा जी, पंचायत अध्यक्ष पवन डागा जी, ओमप्रकाश डागा, रामदेव राठी, दामू भूतड़ा, सत्यनारायण डागा, कैलाश राठी, आनंद लोहिया, विजय भट्टड, आशीष सोनी, रमेश सोनी, घनश्याम भूतड़ा, स्वरूप राठी, संजोग टावरी, जगदीश गांधी, गोपाल टावरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। महिला मंडल एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमती शशि देवी गट्टानी, श्रीमती सरस्वती देवी लोहिया, श्रीमती अलका सुरजन, दीपा बागड़ी सहित बालिका मंडल, युवा मंडल तथा दुर्ग, बालोद, डोंगरगांव से आए समाज बंधुओं ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष बनाया। कार्यक्रम का संचालन गगन लड्ढा ने किया।

## पवन शर्मा बने तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के सातवें प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन रविवार 24 जुलाई को बिलासपुर स्थित लालबहादुर शास्त्री स्कूल के दीक्षित सभा भवन में किया गया। सम्मेलन में संघ के प्रदेश अध्यक्ष का पद रिक्त होने पर आदिवासी विकास विभाग बिलासपुर में पदस्थ लेखापाल पवन शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। कर्मचारी नेता आनंदकुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रदेशभर के कर्मचारी वर्ग में हर्ष का माहौल है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। कर्मचारी साथियों ने भी श्री शर्मा को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संघ कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में और अधिक प्रभावी कार्य करेगा।

# फरार 06 म्यूल एकाउंट खाता धारकों को किया गिरफ्तार

## इसके पूर्व इसी प्रकरण 08 म्यूल एकाउंट खाता धारकों को भेजा गया है जेल

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिये उपयोग में लाया गया है की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गये म्यूल एकाउंट का जांच कर कार्यवाही की जाती है। ऐसे ही म्यूल खाता के धारकों के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार बंधन बैंक शाखा में डोंगरगढ़ में खुले 21 विभिन्न म्यूल बैंक खातों में दिनांक- 25 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 10 लाख 6 हजार पांच सौ 44/-रू जमा होना पाया गया जिस पर 15 जुलाई 2025 को थाना डोंगरगढ़ में अप.क्र.- 360/2025 धारा- 317(2), 317(4), 317(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था और मामले से संबंधित 08 आरोपियों को जेल भेजा गया था और प्रकरण में अन्य आरोपियो की पतासाजी की जा रही थी कि 26 अगस्त 2025 को 06 म्यूल अकाउंट खाता धारक लक्ष्मण निषाद पिता स्व. दुखूराम निषाद उम्र- 40 साल, निवासी दंतेश्वरी पारा, वार्ड नं 02, पिल्ले आरा मशीन के पीछे डोंगरगढ़, देवनारायण सोलवंशी पिता मुलचंद सोलवंशी उम्र- 36 साल निवासी- सोल्हापारा, वार्ड नं- 17, युवराज शो-रूम के पास डोंगरगढ़,अजय अंबादे पिता अशोक अंबादे उम्र- 26 साल निवासी बड़े कुसमी, वार्ड नं- 04, गौठान के पास, पोस्ट मुसरा,लोकेश गावराने पिता मनोज गावराने उम्र- 27 साल निवासी भगत सिंह चौक, मछली मार्केट के पास, वार्ड नं- 19 डोंगरगढ़ चेतन धुर्वे पिता ललित धुर्वे उम्र- 25 साल निवासी महावीर पारा, वार्ड नं- 12, केनरा बैंक के पास डोंगरगढ़, आयुश सहारे पिता महेश सहारे उम्र- 18 साल निवासी कालकापारा, वार्ड नं 10 हनी ब्यूटी पार्लर के पास डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में डोंगरगढ़ एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी उपेंद्रशाह, निरीक्षक भूषण चंद्राकर, योगेश साहू, किशन,अरुण मनहर,लीलाधर मंडलोई, अजय पटले, नेहा बंजारे की अहम भूमिका रही।




फैक्ट्री ले-आऊट
ग्रेनाईट मात्र
51/- फिट से शुरू
बम्लेश्वरी ग्रेनाईट
ग्राम - डुंडेरा, मेन रोड
डोंगरगढ़ (छ.ग.)
8955662848 भरत सिंह

# राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सेजस डोंगरगांव की छात्रा तिथि चौबे का चयन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के ग्राम जंगलपुर की प्रतिभाशाली छात्रा तिथि चौबे ने तीरंदाजी के क्षेत्र में अपनी काबिलियत साबित करते हुए अंडर-17 स्कूल स्टेट प्रतियोगिता में जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता 28 से 30 अगस्त तक कोंडागांव में आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर के चयनित खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

तिथि चौबे ने विगत डिवीजन स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसी उपलब्धि के आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। तिथि पिछले दो वर्षों से कोच भूपेंद्र कुमार से निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने कम समय में खेल जगत में अपनी पहचान बनाई है। स्थानीय स्तर पर भी उन्हें उभरते हुए तीरंदाज के रूप में देखा जा रहा है। तिथि पीएम श्री सेजस डोंगरगांव की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य भरत लाल देवांगन, खेल शिक्षक हारून खान एवं समस्त स्टाफने हर्ष व्यक्त किया और तिथि के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। ग्राम जंगलपुर के लोग भी तिथि की इस सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि वह आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मोखला स्कूल के देवेश प्रथम



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मिडिल स्कूल मोखला कक्षा छठवीं में अध्यनरत छात्र देवेश ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ ब्लॉक स्तरीय 2025-26 के परीक्षा में देवेश मिडिल स्कूल मोखला कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया उन्हें प्रधान पाठक एवं शिक्षकों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सुनहरा अवसर
पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं
-: संपर्क करें :-
इंजीनियर पी एल सुलाखे
राजनांदगांव, मो. 9425554092

# समाजसेवी रामचंद्र शर्मा ने शहीद के बेटी की ली जिम्मेदारी

## यामिनी को अगले दो वर्ष संस्कार में देंगे नि:शुल्क शिक्षा

**रायगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** एक शाम शहीदों के नाम के कार्यक्रम में शहीद गीत राम राठिया की बेटी को 11/12 वीं नि:शुल्क शिक्षा देने का निर्णय लिया गया है ,कार्यक्रम के दौरान संचालक ने कहा कि अपने लिए सब जीते हैं, दूसरों के लिए भी जो कुछ कर जाते हैं उनका जीवन सार्थक हो जाता है। शिक्षा क्षेत्र के साथ-साथ समाज के नवनिर्माण में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम कर रहे नव निर्माण संकल्प समिति के अध्यक्ष तथा जिले के प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रामचंद्र शर्मा ने मानवता और अपने बड़े हृदय होने का एक और मिसाल पेश किया है। समाज सेवी रायगढ़ के प्रसिद्ध शिक्षाविद रामचंद्र शर्मा ने शहीद गीत राम राठिया की बेटी यामिनी की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली है। 23 अगस्त शनिवार को रायगढ़ पॉलिटेक्निक ऑडिटोरियम में निजी राष्ट्रीय अख़बार के द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इस कार्यक्रम में शहीद के परिजनों को शॉल श्रीफल देकर मंच पर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में शहीद प्लाटून कमाण्डर गीतराम राठिया की पत्नी माधूरी राठिया और उसकी बेटी यामिनी राठिया शामिल हुए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएसपी अनिल विश्वकर्मा और विशिष्ट अतिथि रामचंद्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अमित पुरोहित ने उनको मोमेंटो व शॉल से सम्मानित किया। इस दौरान रामचंद्र शर्मा ने उनके परिवार से बात की। बेटी यामिनी शासकीय स्कूल में 10 वीं कक्षा में पढ़ती है। उन्होने शहीद की बेटी को 11 वीं व 12 वीं की पढ़ाई अपने संस्कार पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क कराने की घोषणा की। पंजरीप्लांट ऑडिटोरियम में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम शहीद परिवार के लिए सहयोग का बड़ा मंच बन गया। रामचंद्र शर्मा के द्वारा यामिनी की अगले 2 वर्ष की पढ़ाई की जिम्मेदारी लेने से यामिनी को अपने पढ़ाई में मदद तो मिलेगी ही साथ में शहीद परिवार का आर्थिक बोझ भी कम होगा।



मैं बहुत छोटी मदद कर रहा हु स्वयं पुलिस में रहा हु तो शहीद परिवार के दर्द को समझता हु इसलिए माध्यम बना , संस्कार पब्लिक स्कूल अपने सामाजिक दायित्व को भी समझता है ऐसा प्रयास आगे भी करते रहेंगे।

\- **रामचंद्र शर्मा**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com